संख्या–1804/V–2/30(रिट)12टी0सी0–02/2016

प्रेषक,

आर0 मीनाक्षी सुन्दरम,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
नैनीताल।

आवास अनुभाग–2 देहरादून, दिनांक 14 दिसम्बर, 2016

विषय– मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा पारित आदेश के क्रम में नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत जोन 1 एवं जोन 2 के निवासरत परिवारों हेतु प्रस्तावित विस्थापन नीति हेतु खुर्पाताल बाई पास पर ग्राम बलुवाखान में स्थित भूमि को उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण को निःशुल्क हस्तान्तरित करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने आदेश संख्या–1420/12–जेड0ए0सी0/2016, दिनांक 06.05.2016 एवं आदेश संख्या–1420/12–जेड0ए0सी0/2016, दिनांक 06.05.2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड में योजित जनहित याचिका संख्या–31/2012 प्रो0 अजय सिंह रावत बनाम राज्य सरकार एवम् अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत जोन–1 एवम् जोन–2 में निवासरत् परिवारों के विस्थापन हेतु खुर्पाताल बाईपास पर ग्राम बलुवाखान में स्थित 285.20 नाली अर्थात (5.704 है0 भूमि) सचिव, आवास विभाग, उत्तराखण्ड शासन को निःशुल्क हस्तान्तरित की गयी है।

2– उक्त के संबंध में सम्यक विचारोपरांत लिए गये निर्णयानुसार मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत जोन 1 एवं जोन 2 के निवासरत परिवारों के विस्थापन हेतु उक्त भूमि जो कि सचिव, आवास विभाग, उत्तराखण्ड शासन को निःशुल्क हस्तान्तरित की गयी है, को आवास विभाग के नियंत्रणाधीन उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण, देहरादून को निःशुल्क हस्तान्तरित किये जाने हेतु अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आर0 मीनाक्षी सुन्दरम)
सचिव

संख्या–1804/V–2/30(रिट)12टी0सी0–02/2016–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव,गोपन (मंत्रिपरिषद) अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन को उनके अ0शा0प0सं0–4/2/XXVII/XXI/2016–सी0एक्स0, दिनांक 08.12.2016 के क्रम में।
2– सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3– सचिव, राजस्व विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
4– आयुक्त, कुमायूं मण्डल, नैनीताल।
5– मुख्य प्रशासक, उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण, देहरादून।
6– मुख्य स्थाई अधिवक्ता, मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल।
7– निदेशक शहरी विकास निदेशालय, देहरादून।
8– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सुभाष चन्द्र)
संयुक्त सचिव